52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 14.0 °c | अधिकतम 26.8 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:45 सूर्यास्त : 5:22 | वर्ष : 52/ अंक : 319 | सोमवार, 18 नवम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, तृतीया सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-1

इसका मतलब.... सत्ता अच्छी तरह पढ़ने वालों के हाथ में है....

अमृतवाणी

जिंदगी तब खूबसूरत लगती है जब किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट हो... और वजह आप हो...।।

आज के सारे भाजपाई नेहरू जी के बनाए स्कूलों में पढ़े हैं : खड़गे

मीरापुर की सड़कों पर आज उमड़ेगा जनसैलाब, नेता कराएंगे अपनी-अपनी ताकत का एहसास

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बु.)। चुनाव प्रचार का सोमवार को अंतिम दिन है। सोमवार की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। प्रत्याशियों ने अब तक मतदाताओं से मिलने, उन्हें अपने पक्ष में उतारने के लिए जितनी ताकत लगानी थी, वह लगा चुके हैं और आज प्रत्याशियों के नेता अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए सड़कों पर अपना अपना हुजूम लेकर उतरेंगे। एक ओर जहां पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पीछे बड़ा जनसैलाब उमड़ने की उम्मीदें लगाई जा रही हैं वहीं जयंत समर्थक भी कहीं पीछे नहीं दिख रहे हैं। कहीं ट्रैक्टर ट्रॉली की तैयारी, कहीं नए-नए रूप रंग में नेताओं को लुभाने के लिए

मतदाता सड़कों पर उतरेंगे। चहुंओर मीरापुर की सड़कों से लेकर आसमान तक अलग-अलग, अलग-अलग नेताओं की गूंज रविवार को सुनाई देगी। कहीं अखिलेश यादव जिंदाबाद, सुम्बुल राना जिंदाबाद तो कहीं जयंत चौधरी जिंदाबाद, मिथलेश पाल जिंदाबाद के नारे लगते सुनाई देंगे। इसी बीच सबसे बड़ी चुनौती उक्त दोनों टक्कर के प्रत्याशियों के लिए चन्द्रशेखर आजाद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी दोनों नेता सुम्बुल राना और मिथलेश पाल के लिए मुसीबतें खड़ी करते दिखाई देंगे। टक्कर की बात की जाए तो सुम्बुल राना और मिथलेश पाल दोनों अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, ऐसे में भाजपा-रालोद गठबंधन को जाने वाले दलित वोटों में चन्द्रशेखर आजाद हर हाल में सेंधमारी कर-के जाएंगे। चन्द्रशेखर की पार्टी से प्रत्याशी जाहिद हुसैन के पक्ष में वे मुस्लिम और दलित वोट कितना कर पाते हैं, यह तो तेइस तारीख को मतगणना के दिन ही लगेगा मगर चन्द्रशेखर दलित वोटों को अपने पक्ष में करने से कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे, जिसका खामियाजा भाजपा-रालोद गठबंधन को भुगतना पड़ेगा वहीं ओवैसी की पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे अरशद राना के समर्थन में असदुद्दीन ओवैसी अपने कट्टर अंदाज में मुस्लिम मतों को अरशद राना के पक्ष में करने के लिए अपनी ताकत रविवार को झोंकते दिखाई देंगे। हालांकि अभी तक उक्त प्रत्याशी का कोई वजूद तो नहीं दिखाई पड़ रहा और यदि अरशद राना के पक्ष में कट्टर ओवैसी समर्थक आ भी जाएं तो अरशद राना का उद्धार होगा या नहीं यह भी 23 तारीख को ही ज्ञात होगा। फिलहाल सोमवार को सब पार्टी के दिग्गज नेता अपने अपने समर्थकों के साथ हुजूम लेकर अपनी-अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए उतरेंगे। कौन कितना सफल हो पाता है यह तो 23 नवम्बर को मतगणना के दिन ही ज्ञात होगा मगर कल समर्थकों की भीड़ से हार-जीत का एहसास जरूर हो जाएगा, क्योंकि उक्त उपचुनाव भाजपा-रालोद गठबंधन की इज्जत का चुनाव भी है, क्योंकि उक्त सीट पर पहले से ही रालोद ने जीत हासिल की हुई है और अब यह जीत दोबारा हासिल हो पाती है या नहीं, इसी के लिए गठबंधन अपना पूरा जोर लगाए हुए है। यदि उक्त सीट गठबंधन ने गंवा दी तो 2027 के चुनाव पर निश्चित रूप से पूरे जनपद में इसका असर पड़ता दिखेगा। और यदि पुनः भाजपा-रालोद गठबंधन ने अपना परचम लहराया तो गठबंधन के तेवर फिर एक बार जीत के लिए तीखे होते दिखेंगे और भाजपा-रालोद कार्यकर्ताओं में 2027 की तैयारी को लेकर अभी से दम भर जाएगा। वहीं दूसरी ओर सपा भी इस सीट पर जीत के लिए अपना एडी चोटी का जोर लगाए हुए है, स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री का जमीन पर उतरकर सुम्बुल राना के लिए वोट मांगना जाहिर करता है कि सपा के लिए भी यह सीट उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी की भाजपा-रालोद गठबंधन के लिए। गठबंधन की तरह सपा की साख भी इस सीट पर दांव पर लगी हुई है। हालांकि हाल ही में सपा को मुजफ्फरनगर सांसद सीट से हरेन्द्र मलिक की जीत ने बड़ी सफलता हाथ लगी है, इसे लेकर सपा पूरी तरह उत्साहित दिख रही है। सपा का मानना है कि अकेले मुस्लिम प्रत्याशी होने के बावजूद भी उनकी प्रत्याशी जीत हासिल करेगी। अब देखना यह होगा कि सोमवार को अपनी जीत का कौन कितना एहसास कराता है।

परिवार को बंधक बना दस लाख की डकैती

- **मंसूरपुर के अजमतगढ़ में दो घंटे घर में तांडव मचाते रहे बदमाश, कुंडल तक उतरवाए**
- **शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी देकर परिवार के मुखिया को ले गए साथ, जंगल में छोड़ा**

मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)। छह नकाबपोश बदमाश देर रात्रि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अजमतगढ़ में घर के अंदर सो रहे पति-पत्नी को हथियारों के बल पर आतंकित कर घर में रखें जेवरात,कीमती सामान सहित लाखों की नगदी लेकर बदमाश फरार हो गए। करीब दो घंटे तक घर में अपने कारनामे को अंजाम देते रहे बदमाश अलमारी में रखे एक लाख 47 हजार रुपये तथा सोने चांदी के करीब आठ लाख के जेवरात और एक होम थिएटर लूट ले गए। उन्होंने तमंचा दिखाकर महिला के कानों के कुंडल भी निकलवा लिए। डकैती के बाद वे परिजनों को धमकाते हुए घर के मुखिया को भी अपने साथ ले गए और कहा कि शोर मचाया तो उसे गोली मार देंगे। इसके बाद उसे जंगल में छोड़कर बदमाश फरार हो गए। उसके लौटने पर शोर शराबा किया गया, लेकिन तब तक बदमाश दूर जा चुके थे।

शनिवार रात मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अजमतगढ़ में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने परिवार को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया है कि गांव का निवासी दीपक शनिवार रात अपने घर की दूसरी मंजिल पर पत्नी रूबी तथा एक छोटी बच्ची रूही के साथ सो रहा था। रात लगभग साढे. बारह बजे आधा दर्जन बदमाश दीवार कूदकर घर में घुस गए। कमरे में सो रहे परिवार को गन पॉइंट पर ले लिया। उससे अलमारी की चाबी मांगी। शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी। आतंकित परिवार ने अलमारी की चाबी दे दी। तब अलमारी में रखे एक लाख 47 हजार रुपये तथा सोने चांदी के जेवरात, एक होम थिएटर लूट लिया। बदमाशों ने महिला को आतंकित कर उनके कानों के कुंडल भी निकलवा लिए। बताया जाता है कि बदमाशों का गिरोह घर में लगभग दो घंटे वहां रहा। तीन बदमाशों ने अलमारी व संदूक खंगाले। दो बदमाश दंपती को पिस्टल व तमंचे के बल पर बंधक बनाए रहे। एक बदमाश बाहर देखभाल करता रहा। लगभग दो घंटे लूट के बाद दीपक को बदमाश अपने साथ जंगल में ले गए। एक किलोमीटर ले जाकर उसे छोड़ दिया। बदमाश ड्राई फ्रुट, बैड का गद्दा भी ले गए। पीड़ित ने बताया कि घर के निचले हिस्से में उनके बाबा धर्मपाल सो रहे थे। उन्हें कम आवाज आती है, जिस कारण उन्हें बदमाशों के आने का पता नहीं चल सका। पीड़ित दीपक ने बताया कि उसे सोमवार को एक बीघा जमीन का बैनामा कराना था। इसलिए घर में रुपये रखे हुए थे। इन रुपयों के अलावा आठ लाख का जेवर लूटा गया है। सूचना दी गई तो पुलिस ने पहुंचकर जानकारी ली। सुबह के समय एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने पहुंच कर पीड़ित परिवार से जानकारी लेकर थाना पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। पीड़ित ने तहरीर दी है।

तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल

मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)। अवैध शस्त्रों के प्रदर्शन को लेकर सख्त कार्रवाई के बावजूद पुलिस का खौफ युवाओं में नजर नहीं आ रहा है। आज फिर हथियारों के साथ प्रदर्शन करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया है कि उक्त मामला सिखेड़ा क्षेत्र का है। युवक का सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

घर से फरार युवती परिजनों को इंस्टाग्राम पर मिली

कॉलेज जाने की बात कहकर हुई प्रेमी संग गायब, पिता ने युवक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बु.)। घर से कॉलेज जाने की बात कहकर गई युवती अचानक लापता हो गई। परिजन उसको रिश्तेदारी और परिचितों के बीच तलाशते रहे, लेकिन युवती दो दिन बाद इंस्टाग्राम पर अपने प्रेमी के साथ गलबहियां करते हुए मिली। इंस्टाग्राम आईडी पर जब युवती ने अपने प्रेमी के साथ फोटो पोस्ट की तो परिजनों को उसके फरार होने की जानकारी मिली। जिस युवक के साथ वो नजर आई, उसको परिजनों ने शातिर बताते हुए पुलिस से शिकायत की और वो दो लड़कियों से पहले ही शादी कर चुका हैं, पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। इसमें व्यक्ति ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि घर से फरार हुई उनकी बेटी मेरठ जनपद के पोहल्ली गांव में स्थित महावीर इंस्टीट्यूट कॉलेज में बीए बीएड की शिक्षा ग्रहण कर रही है। पढ़ाई के लिए वो अपनी बुआ के घर पर गांव बटजेवरा थाना कंकरखेडा मेरठ में रह रही थी। पिछले एक माह से वो बुआ के यहां से अपने घर आई हुई थी। 14 नवम्बर को वो पढ़ाई के

लिए घर में बताकर गई थी कि कॉलेज जा रही है और वहीं से अपनी बुआ के घर पहुंच जायेगी। इसके बाद जब पिता ने अपनी लड़की की कुशलता पूछने के लिए अपनी बहन के पास फोन किया तो जानकारी मिली कि वो वहां पर पहुंची ही नहीं। इसके बाद कॉलेज और रिश्तेदारों में उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पिता ने पुलिस को बताया कि 16 नवम्बर को ज्योति ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक नया फोटो पोस्ट किया, जिसमें वो एक लड़के साथ मौजूद नजर आ रही है। जो लड़का उसके साथ दिखाई दे रहा है, उसके बारे में परिजनों को कुछ भी जानकारी नहीं थी। पिता ने आरोप लगाया कि झूठ बोलकर उनकी बेटी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजनों ने लड़के के बारे में पता किया तो उसका नाम अरूण पुत्र सुरेश निवासी ग्राम जंगेठी बताया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अरूण सही चाल चलन का नहीं है और उसने पहले भी दो शादियां कर रखी हैं, वो लड़कियों को अपने जाल में फंसाकर उनका शोषण करता है फिर उनको लेकर भाग जाता है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए लड़की को बरामद कराने की मांग की गई है। मीरापुर थाना प्रभारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीम को लगा दिया गया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 17 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1727-महाराजा जय सिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की। शहर के वास्तुकार बंगाल के विद्याधर चक्रवर्ती थे। 1738-फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर। 1772-पेशवा माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने गद्दी संभाली। 1833-हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर। 1835-अंग्रेज अधिकारी एवं इतिहासकार कर्नल टॉड का निधन। उन्हें राजस्थान के इतिहास का मार्ग सर्वप्रथम प्रशस्त करने का श्रेय दिया जाता है। 1888-भारत के योग गुरु, आयुर्वेद के वैद्य तथा विद्वान तिरुमलाई कृष्णामाचार्य का जन्म। 1901-फि ल्मकार, अभिनेता , निर्देशक वी शांताराम का जन्म। 1909-अमेरिका ने निकारागुआ पर हमला किया। 1910-भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक बटुकेश्वर दत्त का जन्म। 1918-उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1946-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ कमलनाथ का जन्म। 1948-बिहार की राजधानी पटना के निकट स्टीमर "नारायणी" दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे। 1951-ब्रिटिश सेना ने मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर कब्जा किया। 1956-मोरक्को ने स्वतंत्रता हासिल की। 1959-आईएनएस विराट को ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया था। 1962-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक शैतान सिंह का निधन। 1972-बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया। 1994-संयुक्त राष्ट्र ने फि लिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता प्रदान की। 2002-संयुक्त राष्ट्र हथियार निरीक्षकों का पहला दल हैंस ब्लिक्स की अगुआई में बगदाद पहुँचा। 2003-श्वाजेनेंगर ने कैलीफोर्निया के गवर्नर पद की शपथ ली। 2005-प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे श्रीलंका के नये राष्ट्रपति निर्वाचित। 2008-केन्द्र सरकार ने वैश्विक आर्थिक मंदी से देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये देने का निर्णय किया। बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व मंत्री नटवर सिंह को पार्टी से निष्कासित किया। 2013-अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा। 2017-भारत की मानुषी छिल्लर ने जीता 'मिस वर्ल्ड 2017' का खिताब। 2017-'अशोक चक्र' से सम्मानित भारतीय वायु सेना के शहीद गरुड़ कमांडों में से एक ज्योति प्रकाश निराला का निधन। 2020-भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा का निधन।

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 18 नवम्बर, 2024

मेष- ग्रहस्थिति अनुकूल, लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यापार में धन निवेश, परोपरकार में प्रवृत्ति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि का विकास।

वृषभ- निराशा का समापन, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, जीवन साथी का सान्निध्य, मनोरंजन में प्रवृत्ति।

मिथुन- कठिनाइयों का निवारण, पारिवारिक उलझनों में कमी, विरोधी परास्त, आशानुकूल परिवर्तन, सामाजिक गतिविधियों में रुचि, सलाह मान्य।

कर्क- आर्थिक पक्ष से असंतोष, इच्छित पद की प्राप्ति में अड़चनें, प्रतियोगिता में असफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएँ, मनोव्यथा।

सिंह- पराक्रम से कार्य सिद्धि, आरोग्य सुख में वृद्धि, धन-सम्पत्ति विषयक मसला हल, सुसमाचार की प्राप्ति, हर्षोल्लास का माहौल, व्यक्तिगत जीवन में सफलता।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, उत्तरदायित्व का निर्वाह, विवादास्पद मसला हल।

तुला- पारिवारिक समस्याओं का समाधान, कर्ज निवृत्ति का प्रयास, उत्साह में वृद्धि, विनियोजित धन का प्रतिफल, इच्छानुकूल घटना घटित, यात्रा का प्रसंग।

वृश्चिक- अभीष्ट कार्यों में प्रतिकूलता, उत्तरदायित्व की पूर्ति में मुश्किलें, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, राजकीय पक्ष से उलझनें, आपसी संबंधों में कटुता।

धनु- समस्याओं का समाधान, शारीरिक-मानसिक कष्ट में कमी, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास, व्यावसायिक प्रगति पर विचार-विमर्श, आत्मबल में वृद्धि।

मकर- आर्थिक स्थिति में सुधार, स्वयं का निर्णय हितकर, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, धन-सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।

कुम्भ- व्यावसायिक पक्ष में सफलता, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, शुभ-भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, मनोरंजन में रुझान, सामाजिक गतिविधियों में रुचि।

मीन- अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान, मानसिक उलझनें प्रभावी, वैचारिक अस्थिरता, शत्रु सक्रिय, वैवाहिक जीवन में असंतोष, मित्रों से मतभेद।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

दुर्दशा-भयंकर ठंड में भगवान भरोसे गौशाला में गौवंश

बुढ़ाना, 17 नवम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव परासौली में शासन के निर्देश पर बनाई गयी माधव गौशाला जब से बनी है तभी से हर वक्त चर्चाओं में है। कभी खोर को लेकर तो कभी किसी बात को लेकर। अब नया मैटर यह है कि यहां पर लगभग 4 दर्जन के आसपास गौवंश हैं। सर्दी भी शुरू हो गयी है। यहां पर गायों को दो स्थानों पर अलग अलग बांधा गया है। एक स्थान पर टीन शेड नहीं है तो दूसरे स्थान पर गायों के बैठने के लिए खड़ंजा नहीं है। खडंजे के स्थान पर हर समय पानी भरा रहता है। अब गाय कैसे विश्राम करें। कोई भी अधिकारी इस और बिल्कुल भी ध्यान नहीं देता है। बीडीओ को इस गौशाला के संबंध मे काफी शिकायतें जाती हैं, लेकिन किसी भी समस्या का कोई भी समाधान नहीं होता है। गौरक्षक भी अब हांफने लगे हैं, क्योंकि उनकी शिकायतों को जांच मे दबाकर मामला रफा दफा कर दिया जाता है। गौरक्षक घनश्याम सैनी व छोटा सैनी ने बताया कि हम आए दिन गौशाला की किसी ना किसी समस्या से जूझ रहे हैं। गाय आगे आगे भयंकर सर्दी में दम तोड़ देंगी, क्योंकि कुछ गाएं खुले आसमान के नीचे बंधी हैं, तो कुछ गाएं जमीन में फैले पानी में खड़ी होकर अपने लिए आराम से बैठने वाले स्थान की तलाश मे हैं। कुल मिलाकर गौशाला में गौवंशीय पशुओं की दुर्दशा हो रही है।

बच्ची संग छेड़खानी करने वाले युवक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

बुढ़ाना, 17 नवम्बर (बु.)। घर के बाहर खेल रही एक मासूम बच्ची के साथ पड़ोस के एक युवक ने अश्लील हरकतें की। परिजनो को जब बच्ची ने गंदी हरकतों के बारे में बताया तो परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो आरोपी ने बच्ची के परिजनों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस मामले में शिकायत होने पर बुढ़ाना पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक मौहल्ले की निवासी लगभग छह साल की एक बच्ची बीती शनिवार की देर शाम अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। तब पड़ोस के रहने एक कामांध युवक लविश पुत्र गुलशेर ने मासूम बच्ची को गली में अकेले खेलता देखकर मौका पाकर दबोच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। तब बच्ची रोने लगी तो आरोपी बच्ची को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। उधर बच्ची ने रोते हुए घर आकर पूरी घटना का जिक्र परिजनों से किया तो परिजन आरोपी लविश के घर पर पहुंचे तो आरोपी लविश, उसके मामा उस्मान पुत्र मासूम निवासी कांधला रोड बुढ़ाना सहित अन्य कई लोगों ने गाली गलौच कर मारपीट की और भगा दिया। अब बुढ़ाना पुलिस ने सब आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए बाला साहेब ठाकरे

ठाकरे के आदर्श पर हिन्दुत्व की भावना को आगे बढ़ाने का क्रांति सेना ने लिया संकल्प

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बु.)। शिवसेना प्रमुख, हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे जी की 12वीं पुण्यतिथि पर क्रांति सेना कार्यालय पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में क्रांति सेना व शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने बाला साहब को याद करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में क्रांति सेना अध्यक्ष ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के तमाम जनपदों में आज स्व. बाला साहब की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम करते हुए उन्हें याद किया जा रहा है। हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे ने जीवन भर हिंदुत्व की मजबूती के साथ ही हिंदुओं के उत्थान के लिए अनेक कार्य किये। उनके बताएं रास्ते पर आज भी देश के करोड़ों नौजवान चल रहे हैं। कहा कि बाल ठाकरे जैसा व्यक्तित्व हिंदू समाज के लिए हमेशा जीवित रहेगा। उन्होंने हिन्दू नौजवानों को हिंदुत्व के साथ जनहित और सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष शरद कपूर ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला प्रमुख आनंद प्रकाश गोयल, शिव सेना महानगर अध्यक्ष ओंकार पंडित, पूनम अग्रवाल, शालू चौधरी, अनुज चौधरी, संजीव वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, अमित गुप्ता, सोनू पालीवाल, चेतन देव, राजन वर्मा, भुवन मिश्रा, कंचन बाटला, ललित, उज्ज्वल पंडित, अरविंद कौशिक, हेम कुमार कश्यप, ऋतिक प्रजापति, विकास चौहान, शालिनी, सरिता शर्मा, रेनू अग्रवाल, मिथिलेश, सविता गौतम, मीनू शर्मा, अनिल कुमार शामिल रहे।

अनुराग की बहनें आईएएस बनें; मैं खर्च उठाऊंगा: धनंजय सिंह

जौनपुर, 17 नवंबर (एजेंसी)। जिले के गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में बीते 30 अक्तूबर को जमीनी विवाद को लेकर हुई तलवार से गर्दन काटकर ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की हत्या के 14 दिन बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह उसके घर पहुंचे। पूर्व सांसद ने अनुराग के पिता रामजीत यादव एवं दोनों बहनें स्वाती और आराधना को ढांढस बंधाया। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि वे मृतक अनुराग के परिजनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने परिजनों को एक लाख रुपये का चेक देकर आर्थिक सहायता दी। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि वह परिजनों के साथ हैं। अनुराग की दोनों बहनों की पूरी शिक्षा दीक्षा का खर्चा उन्होंने उठा लिया है। बहुत जल्द ही वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिजनों की मुलाकात कराएंगे। उन्होंने घटना की घोर निंदा की और कहा कि यदि राजस्व विभाग पहले से ही इस मामले को गंभीरता से लेता तो शायद इस होनहार खिलाड़ी की हत्या नहीं होती।

वैश्य अग्रवाल महासभा ने किया लाला जी को याद

लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर वैश्य समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बु.)। वैश्य अग्रवाल महासभा द्वारा लाला लाजपत राय के निर्वाण दिवस पर लाला लाजपत राय चौक प्रकाश चौक पर लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष सुनील सिघंल द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्यमी अशोक अग्रवाल रहे।

वैश्य अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सुनील सिघंल ने लाला लाजपत राय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लाला लाजपत राय का सम्पूर्ण जीवन देश सेवा व समाज सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने अपने जीवन में अनेकों स्कूल-कॉलेज आदि की स्थापना की तथा पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना कर देश को एक मजबूत वित्त आधार दिया। जो आज भी भारत के अग्रणी बैंकों में से एक है। उन्होंने कहा कि लाला जी ने पंजाब में आर्य समाज की भी स्थापना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल मित्तल, समीर मित्तल, मुनेश सिंघल, मामचन्द अग्रवाल आदि वैश्य बंधु मौजूद रहे।

पुराल से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली में टकराई बाइक, युवक गंभीर घायल

ड्यूटी पर जा रहा सफाई कर्मचारी हादसे का शिकार, गंभीर हालत में किया रैफर

भोपा, 17 नवम्बर (बु.)। ड्यूटी पर जा रहे सफाई कर्मचारी की बीच सड़क पर खड़े पुराल से भरे ट्रेक्टर ट्रॉली में जा घुसी बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया नाजुक हालत के चलते हायर सेंटर रेफर। गंग नगर पटरी पर ओवर लोड वाहन बिना किसी रोकटोक के धड़ले से दौड़ रहे हैं। शनिवार देर रात थाना क्षेत्र के बेलड़ा गांव निवासी सफाई कर्मचारी गजेन्द्र पुत्र राजबीर रात को गांव से गंग नहर पुल भोपा पर लगी नाइट चुनाव ड्यूटी के लिए आते समय गंग नहर पटरी पर सड़क के बीच में खड़े पुराल से भरे ट्रेक्टर ट्रॉली में जा घुसी, जिसमें बाइक सवार सफाई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां युवक की गंभीर हालत के चलते प्रथम उपचार देने के पश्चात जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार युवक को जिला चिकित्सालय से नाजुक स्थिति के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सफाई कर्मचारी गजेन्द्र की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

नड्डा का दावा- खुफिया रिपोर्ट में खुलासा बांग्लादेशियों को शरण दी गई, सोरेन सरकार पर लगाए कई आरोप

बोकारो, 17 नवंबर (एजेंसी)। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह ओबीसी के चैंपियन बनना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने सवाल किया कि राजीव गांधी फाउंडेशन और राष्ट्रीय सलाहकार समिति में कितने ओबीसी सदस्य हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस बात पर गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में 27 ओबीसी मंत्री हैं। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ओबीसी, आदिवासियों और एससी को मुख्यधारा में ला रही है। जेपी नड्डा ने बोकारो में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे अभी एक खुफिया रिपोर्ट मिली है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां मदरसों में पनाह दी जाती है।

उनके आधार, मतदाता पहचान पत्र, गैस कनेक्शन और राशन कार्ड की सुविधा दी जाती है और फिर हेमंत सोरेन सरकार उनके लिए जमीन सुनिश्चित करती है। जेपी नड्डा ने आगे कहा- हेमंत सोरेन ने झारखंड के 'जल, जंगल, जमीन' को लूटा, यहां घुसपैठ बड़े पैमाने पर है। घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाएंगे कि उनकी संतानों को जमीन से वंचित किया जाए। बोकारो के गोमिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा, केवल पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ही घुसपैठ को रोक सकती है। उन्होंने पूरे जेएमएम-आरजेडी-कांग्रेस को भ्रष्ट नेताओं का 'कुनबा' करार दिया और कहा कि इंडिया ब्लॉक के नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि, हेमंत सोरेन, जो जमानत पर बाहर हैं, फिर से जेल जाएंगे। वह 5,000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले, 236 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले और कई अन्य घोटालों में लिप्त हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाई और लोगों में अशांति पैदा की। अब उनके जाने का समय आ गया है। हम यहां सरकार बनाएंगे।

'राजनीतिक लड़ाई को वोट जिहाद कहना गलत': स्वामी गोविंद गिरी

पुणे, 17 नवंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र चुनाव में छिड़ा वोट जिहाद का नारा काफी उछल रहा है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वोट जिहाद का जवाब वोटों के धर्म युद्ध से देने की बात कही। अब राम जन्मभूमि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने वोट जिहाद को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लड़ाई को वोट जिहाद कहना गलत है। हिंदू समाज को इसका जवाब देना चाहिए और डटकर मुकाबला करना चाहिए।

गोविंद देव गिरी महाराज ने कहा कि किसे वोट देना है, इसे लेकर पहले धार्मिक स्थलों से पर्चे बांटकर निर्देश जारी किए जाते थे, लेकिन अब वोट जिहाद जैसे नारे खुले तौर पर दिए जा रहे हैं। यह जिहाद धर्म-युद्ध के बराबर है। उन्होंने कहा कि दो राजनीतिक दलों के बीच लड़ाई को युद्ध कहना सही नहीं है। अब वोट जिहाद की खुले तौर पर वकालत की जा रही है। हिंदू समाज को बिना किसी हिचकिचाहट इसका मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चा हिंदू होना मानवता का पक्षधर है। हमें छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करना है। हमें अन्याय को भी सहन करना चाहिए। इसे पहले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'वोट-जिहाद' का मुकाबला 'वोटों के धर्म-युद्ध' से करने की बात कही थी। उन्होंने महायुति सरकार के खिलाफ 'वोट जिहाद' के लिए एक इस्लामी विद्वान की कथित अपील का जिक्र किया और दावा किया कि ऐसे प्रयासों के पीछे का उद्देश्य न केवल महाराष्ट्र सरकार बल्कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को भी अस्थिर करना था।

रूस ने यूक्रेनी उर्जा ढांचे को बनाया निशाना, 120 मिसाइलों से किया हमला

कीव, 17 नवंबर (एजेंसी)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस की ओर से किए गए एक बड़े हमले की निंदा की है, जिसमें यूक्रेन के उर्जा ढांचे को निशाना बनाया गया। इस हमले में कई उर्जा केंद्रों को नुकसान पहुंचा, बिजली की आपूर्ति ठप हो गई और कई लोग मारे गए। जेलेंस्की ने बताया कि यह हमला रात के समय शुरू हुआ और सुबह तक जारी रहा। इस हमले में रूस ने करीब 120 मिसालइलों और 90 ड्रोन का इस्तेमाल किया। इसमें शहद, जिरकॉन, इस्कंदर और किंजल जैसे शक्तिशाली मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। जेलेंस्की ने कहा कि हमले का मुख्य लक्ष्य हमारे उर्जा केंद्र को तबाह करना था। दुर्भाग्य से कुछ जगहों पर सीधे हमलों से मलबा गिरने की वजह से नुकसान हुआ। मिकोलिव शहर में एक ड्रोन हमले में दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हुए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। जेलेंस्की ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में अभी भी बिजली की आपूर्ति बंद है। उन्होंने कहा, मैं अपनी वायुसेना का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस हमले को विफल करने में मदद की। हमारे एफ-16, सुखोई-25 और मिग विमान, मोबाइल फायर ग्रुप और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर यूनिट सभी ने मिलकर हमले का सामना किया। इससे एक दिन पहले जेलेंस्की ने उम्मीद जताई थी कि अमेरिका की नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप सरकार यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग के समाधान की दिशा में आगे बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने यूक्रेन के रुख को सुना है और उन्होंने उनके रुख के खिलाफ कोई बात नहीं की। जेलेंस्की ने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रंप ने यूक्रेन से रूस के साथ बातचीत करने को नहीं कहा।

झांसी अग्निकांड में एक और नवजात शिशु की हुई मौत

आग में झुलसकर मरने वालों की संख्या हुई 11

झांसी, 17 नवंबर (एजेंसी)। झांसी मेडिकल कॉलेज की एसएनसीयू में आग में मरने वाले नवजात शिशुओं की संख्या रविवार को बढ़कर 11 हो गई है।

शुक्रवार की रात एसएनसीयू में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। जिसमें 10 बच्चों की मौत हो गई थी। डीएम ने बताया कि हादसे के समय एसएनसीयू में 49 नवजात शिशु थे। 39 शिशुओं का रेस्क्यू किया गया था। डीएम अविनाश कुमार ने बताया कि रविवार को उपचार के दौरान एक और शिशु की मृत्यु हो गई है। इससे हादसे में मरने वालों की संख्या 11 पर पहुंच गई है। नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष (एसएनसीयू) में शुक्रवार देर रात लगी आग की वजह साफ नहीं हो सकी। अस्पताल प्रशासन शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगने की बात तो कुबूल कर रहा है, लेकिन शॉर्ट सर्किट कैसे हुआ, इसका जवाब देने के लिए अफसर राजी नहीं हैं। शुरूआती जांच में सामने आया है कि एसएनसीयू में उपकरणों के अत्यधिक लोड की वजह से शॉर्ट-सर्किट हुआ। इसके बाद चिंगारी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर तक पहुंची। इसके बाद ही आग बेकाबू हो गई। पुलिस आग लगने के अन्य पहलुओं को भी खंगालने में जुटी है।

दूल्हा बनेंगे राम: धूमधाम से होगा मेरे प्रभु का शुभ तिलकोत्सव

अयोध्या, 17 नवंबर (एजेंसी)। रामनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम का शुभ तिलकोत्सव 18 नवंबर को दोपहर दो बजे पूरे विधि-विधान पूर्वक होगा। 500 से अधिक जनकपुरवासी तिलक लेकर अयोध्या पहुंच रहे हैं। रामसेवकपुरम में शुभ तिलकोत्सव होगा। तिलक उत्सव समारोह के लिए रामसेवकपुरम परिसर में मंच तैयार किया जा रहा है। इस मंच पर राम के स्वरूप में सज्जित 18 वर्षीय युवक को आटे से बनाए गए चौक अथवा सिंहासन पर विराजित किया जाएगा। मंच सजाने का काम शुरू कर दिया गया है। कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे विहिप के राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि तिलकहरुओं में कुछ का 16 नवंबर से ही आगमन शुरू हो गया है। तिलकहरुओं को सम्मान और सुविधा पूर्वक ठहराने के लिए कारसेवकपुरम, अभयदाता हनुमान आश्रम, विवेक सृष्टि, माता सरस्वती देवी मंदिर, तीर्थ क्षेत्र भवन में व्यवस्था की गई है। श्री रामजी का तिलक चढ़ाने के लिए सीता जी के छोटे भाई की भूमिका जानकी मंदिर जनकपुर के छोटे महंत रामरोशन दास निभाएंगे। इस पल के साक्षी बनने के लिए नेपाल के जनकपुर मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह अपने मंत्रियों के साथ मौजूद रहेंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनकपुर के मेयर मनोज कुमार शाह नेपाल के अन्य तीन मेयर के साथ मौजूद रहेंगे। राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि तिलकहरुओं के स्वागत भोजन में स्वादिष्ट आलू टिक्की, पापड़ी चाट, छोला, चावल, पूड़ी, मिक्स सब्जी, रायता, पापड़, हलवा आदि का इंतजाम किया गया है।

वेदज्ञ आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच तिलक चढ़ाया जाएगा। साथ ही अयोध्या की महिलाओं की टोली तिलक पर अवध क्षेत्र में गाए जाने वाले परंपरागत लोकगीतों का मंगलगान करेंगी। इससे अयोध्या व जनकपुर के संबंधों को एक बार फिर से नया आयाम मिलेगा। जनकपुर से आने वाले तिलकहरू श्रीरामलला के दरबार में भी हाजिरी लगाएंगे। रामलला के लिए नेग यानी उपहार लेकर आ रहे तिलकहरू सबसे पहले नेग को रामलला के चरणों में समर्पित करेंगे। रामसेवकपुरम से गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते जनकपुरवासी रामलला के दरबार पहुंचेंगे और दर्शन-पूजन करेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से राम मंदिर में जनकपुर से आए मेहमानों का अभिनंदन भी किया जाएगा। रामसेवकपुरम में तिलकोत्सव में रामनगरी के प्रमुख संत-धमार्चार्यों को भी आमंत्रित किया गया है।

जनकपुर के तिलकहरू अपने साथ कांसे के थाल, दो कटोरी, गिलास, चम्मच आदि पांच परंपरागत बर्तनों सहित अन्य बर्तन लाएंगे। इसके अलावा पीली धोती, गमछा, करधनी (डाड़ा), हल्दी गांठ, चंदन गांठ (मुट्ठा), धान, पीले चावल, दूर्वा (दूब घास), पान, इलायची, सुपारी (पुंगी फल), यज्ञोपवीत (जनेऊ), चांदी के सिक्के, आदि परंपरागत वस्तुएं तिलक समारोह के दौरान राम के स्वरूप को भेंट की जाएगी। शनिवार को जानकी मंदिर से करीब दस बजे 501 भार के साथ छह बस, 51 चार पहिया के साथ 500 से अधिक लोग जनकपुरधाम के मेयर मनोज कुमार साह की अगुवाई में अयोध्या के लिए प्रस्थान किए। जनकपुर से आ रहे पत्रकार मिश्रीलाल मधुकर ने बताया कि तिलक यात्रा को जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास वैष्णव और मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह ने रवाना किया।

मणिपुर के हालात की अमित शाह ने की समीक्षा

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)। मणिपुर में अस्थिर हालात पर केंद्रीय गृह मंत्रालय लगातार नजर बनाए हुए है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को मणिपुर में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री कल भी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले मणिपुर में अस्थिर हालात के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में अपनी चुनावी रैलियां रद्द कर दी थीं। वे नागपुर से दिल्ली लौटे। जानकारी के मुताबिक वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विदर्भ क्षेत्र में चार रैलियां करने वाले थे। उनकी जगह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने इन रैलियों में हिस्सा लिया। उनकी रैलियां रद्द करने के पीछे कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह मणिपुर में अस्थिर हालात की वजह से हो सकता है। दरअसल, मणिपुर के जिरीबाम से सोमवार से लापता छह लोगों में से एक महिला और दो बच्चों के शव नदी में तैरते पाए गए थे। रविवार सुबह यह दावा किया जा रहा है कि यहां एक और महिला का शव मिला है। दावा है कि असम के कछार जिले में बराक नदी से पुलिस ने शव बरामद किया है, जो जिरीबाम की सीमा पर है। यह शव उस जगह से नीचे की ओर है, जहां तीन अन्य शव बरामद किए गए थे। हालांकि, शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है, लेकिन यह भी छह लापता लोगों में से एक का शव होने का संदेह है। इसे लेकर मणिपुर में उग्र भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में शनिवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन और विधायकों व कांग्रेस के एक विधायक के आवास में आग लगा दी। साथ ही सुरक्षाबलों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पैतृक आवास में घुसने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया।

कैफे में अश्लीलता को लेकर हुआ हंगामा

मुरादाबाद, 17 नवंबर (एजेंसी)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में रविवार को दोपहर में बजरंग दल के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा काटा। कार्यकताओं का कहना है कि हॉट कैफे में आए दिन गलत हरकत होती रही है।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

प्रधानमन्त्री की नाइजीरिया यात्रा

प्रधानमन्त्री मोदी नाइजीरिया पहुंच गए। वहाँ उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ। यह देश के लिए गौरव की बात है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की यह पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजीरिया की पहली यात्रा है। वे नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। नाइजीरिया से वे ब्राजील जाएंगे। ब्राजील में वे ट्रोइका सदस्य के रूप में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमन्त्री मोदी के साथ ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन 18-19 नवंबर को रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल होंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में, मोदी राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर 19 से 21 नवंबर तक गुयाना का दौरा करेंगे। यह 50 वर्षों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमन्त्री की पहली गुयाना यात्रा होगी। नाइजीरिया, भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' से सम्मानित करेगा। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ के बाद यह सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी होंगे। एलिजाबेथ को 1969 में यह सम्मान दिया गया था। अब तक पीएम मोदी को 15 देश अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। उन्हें मिलने वाला यह 17वां अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड होगा। इससे पहले 14 नवंबर को कैरेबियाई देश डोमिनिका ने मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार,'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' देने की घोषणा की थी। कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका की मदद करने के लिए उन्हें सम्मान दिया जाएगा। मोदी को 21-22 नवंबर को गुयाना दौरे पर सम्मानित किया जाएगा। पीएम मोदी को राजधानी अबुजा की चाबी सौंपी गई, ये विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। मोदी का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर भारतीय लोगों का जमावड़ा लगा था। हाथ में तिरंगा लिए उन्होंने प्रधानमन्त्री मोदी का स्वागत किया। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टिनूबू भी अबुजा एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत के लिए पहुंचे थे। पीएम मोदी राष्ट्रपति टिनूबू से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। उनके बीच भारत-नाइजीरिया के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। इसके बाद मोदी राजधानी अबुजा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। चीन और नीदरलैंड के बाद नाइजीरिया, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश है। नाइजीरिया में कई गुजराती और सिंधी परिवार बसे हुए हैं। नाइजीरिया में तेल और गैस के विशाल भंडार हैं, इस वजह से नाइजीरिया अफ्रीका के अहम देशों में से एक है। भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से भी नाइजीरिया अहम है। भारत ने नाइजीरिया के ऊर्जा, खनन, फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निवेश किया हुआ है और भारत की करीब 150 कंपनियां काम कर रही हैं, जिनका नाइजीरिया में करीब 27 अरब डॉलर का निवेश है। भारत ने आजादी के बाद अफ्रीकी देशों की आजादी का पुरजोर समर्थन किया था। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरूआत नाइजीरिया की आजादी से पहले ही हो गई थी। भारत ने 1958 में नाइजीरिया में डिप्लोमैटिक हाउस की स्थापना की थी। इसके 2 साल बाद नाइजीरिया को आजादी मिली। भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू ने सितंबर 1962 में नाइजीरिया का दौरा किया था। उनकी इस यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की नींव रखी गई। नाइजीरिया भी गुलाम रहा। 1885 ईस्वी में, अंग्रेजों ने नाइजीरिया पर प्रभाव का एक क्षेत्र दावा किया और 1886 में, रॉयल नाइजर कंपनी की स्थापना हुई। 1900 में यह क्षेत्र ब्रिटिश सरकार द्वारा नियंत्रित हो गया और 1914 में यह उपनीवेस और संरक्षित बन गया। 1900 के दशक के मध्य और विशेष रूप से द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नाइजीरिया के लोगों ने आजादी के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया। अक्टूबर 1960 में, यह तब आया जब इसे संसदीय सरकार के साथ तीन क्षेत्रों के संघ के रूप में स्थापित किया गया था। 1963 ईस्वी में, नाइजीरिया ने खुद को एक संघीय गणराज्य घोषित किया और एक नया संविधान तैयार किया, जिसके बाद 1960 के दशक के दौरान, नाइजीरिया की सरकार अस्थिर थी, क्योंकि इसमें कई सरकारी उथल-पुथल थीं। इसके प्रधानमन्त्री की हत्या कर दी गई थी और गृह युद्ध शुरू हो गया था। गृहयुद्ध के बाद, नाइजीरिया ने आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया और 1977 में, सरकारी अस्थिरता के कई वर्षों बाद, देश ने एक नया संविधान तैयार किया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, तो नाइजीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। नाइजीरिया की आबादी 23 करोड़ है, जो उत्तर प्रदेश की आबादी से कम है, लेकिन यह देश सबसे तेजी से आबादी बढ़ने वाले देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2050 तक नाइजीरिया की आबादी 40 करोड़ होगी, तब वह भारत, चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होगा। नाइजीरिया दो भागों में बंटा हुआ है। उत्तरी हिस्सा जहां मुसलमान बहुसंख्यक हैं, वहां गरीबी ज्यादा है। दक्षिणी और पूर्वी नाइजीरिया में ईसाई आबादी ज्यादा है। ये इलाका ज्यादा संपन्न है। ईसाइयों के विरोध के बावजूद कई उत्तरी राज्यों ने इस्लामी शरिया कानून को अपनाया है। इस वजह से दोनों समुदाय के बीच विवाद और लड़ाइयां हो चुकी हैं। तेल और गैस के विशाल भंडार की वजह से नाइजीरिया, अफ्रीका के अहम देशों में से एक है। यह देश भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करता है। अफ्रीका में भारतीय निवेश खासकर ऊर्जा, खनन, फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहा है। नाइजीरिया इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी और तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपीईसी का अहम सदस्य है। ये दोनों संगठन भारत की कूटनीति और आर्थिक नीति के लिए अहम हैं। यह विडंबना ही है कि एक तरफ तो दुनिया के देशों की सरकारें हमारे प्रधानमन्त्री के स्वागत सत्कार में लगी हैं, उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर रही हैं और दूसरी तरफ हमारे विपक्षी नेता उन पर बेकार के तंज कस रहे हैं। राहत इंदौरी का एक शेर है, जिसमें वे नूर यानी प्रकाश और आफताब यानी सूर्य की बात कर रहे हैं, यह शेर प्रधानमन्त्री के जीवन पर सटीक है-

मैं नूर बनके फजाओं में फैल जाऊंगा,
तुम आफताब में कीड़े निकालते रहना।

चार तीर

सुनील उत्सव

"आदमी" "किस्मत" "वक़्त" "बादशाह"

आदमी चाहे बुरा हो या हो किस्मत का गरीब,
वक़्त उसका है बुरा तो तुम बुरे बनना नहीं।
आज का मुफलिस भी हो सकता है कल का बादशाह,
वक़्त को सूरत बदलने में समय लगता नहीं।

'यह मकान बिकाऊ है, मुस्लिम प्रताड़ना से परेशान हूं, युवक ने घर के दरवाजे पर लिखा

इंदौर, 17 नवंबर (एजेंसी)। शहर के प्रकाश का बगीचा इलाके में एक युवक ने अपने घर के दरवाजे पर काले पेंट से मकान बिकाऊ है कि सूचना लिखी है। इसकी वजह उसने पड़ोसी मुस्लिम युवक की प्रताड़ना से परेशान होना बताई है। इसके बाद युवक की मदद के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे और युवक को थाने ले जाकर शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि एक केस के राजीनामे को लेकर आरोपी दबाव बनाने के लिए उसे प्रताड़ित करते हैं। उन्होंने मेरे घर पर रस्सी बम और कीलें फेंकी। मकान बेचने की गुहार लगाने वाले युवक का नाम राजेश कलमोईया है। बस्ती में एक महीने पहले पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा था। वह घर के बाहर खड़ा था, तब घूरकर देखने की बात को लेकर उसका विवाद शादाब शानू से हो गया था। मामला पुलिस तक पहुंचा तो राजेश की शिकायत पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट में शादाब के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद शादाब केस वापस लेने के लिए दबाव बना रहा था। राजेश ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात वह घर में परिवार के साथ था, तभी दरवाजे पर पटाखे फोड़े गए। दरवाजा खोलकर देखा तो मुझ पर भी पटाखा फेंका गया। साथ में कीलें और छर्रे भी फेंके गए। इसके बाद युवक ने सुबह दरवाजे पर मकान बिकाऊ है लिख दिया। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और कीलें जांच के लिए भेजीं। आरोपी शादाब के खिलाफ केस भी दर्ज किया है। इस बीच, दूसरा पक्ष भी थाने पहुंचा और कहा कि पटाखे फोड़ने की बात झूठी है।

दूसरे दिन भी शारदेन स्कूल में वार्षिक समारोह में छात्र-छात्राओं ने मचाई धूम

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बुस.)। शारदेन स्कूल के प्रांगण में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने धूम मचा दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल उपस्थित रहे। कपिल देव अग्रवाल एक राजनेता और उत्तर प्रदेश की 17वीं विधानसभा के सदस्य हैं। ये जिले मुजफ्फरनगर के सदर विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2016 से विधानसभा सदस्य रहे। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से एमएलए हैं। 2022 में उत्तर प्रदेश से तीसरी बार विधायक है और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भी रह चुके हैं। यूपी से सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल का स्वागत माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में निशांत सिंगल (एडीजे), सलमान सैयद, मती दिव्या भार्गव, सुरभि(जज) मोनिका सिंह (एडीएम), आलोक कुमार, अतुल हसन, सीताराम (एडीजे) गौरव आनंद, कीर्ति भूषण आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात संगीत छात्रों के द्वारा "एकदंताय वक्रतुंडाय" गणेश वंदना मंच पर प्रस्तुत की गई। कक्षा 5 के छात्रों ने "प्रीति पिंक पैंथर्स" नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्रों की इस प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अभिभावकों, माता-पिता तथा अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 6 के छात्रों द्वारा "पन्ना धाय" नाटक मंच पर प्रदर्शित किया गया और कक्षा एलकेजी के छात्रों द्वारा "चूहे की शादी" नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी अभिभावकों ने तालियां बजाकर नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। यूकेजी के छात्रों द्वारा "रुनझुन बाजे घुंघरू" राजस्थानी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नर्सरी एवं प्ले क्लास के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मॉम एंड डैड कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा-10 के छात्रों द्वारा शिव तांडव दशार्या गया। शिव तांडव कार्यक्रम ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। इसके बाद कक्षा 7, 8 और 9 के छात्रों द्वारा दशावतार में कृष्ण अवतार, मत्स्य अवतार, कूर्म अवतार, वराह अवतार, नरसिंह अवतार, वामन अवतार, परशुराम अवतार, राम अवतार, बुद्ध अवतार एवं कल्कि अवतार को मंच पर इस प्रकार प्रस्तुत किया गया, जिससे शारदेन स्कूल का प्रांगण भक्ति मय बन गया। विद्यार्थियों की वस्त्र सज्जा और रंगों का चुनाव आकर्षक था। प्रधानाचार्य धारा रतन ने अभिभावको व अतिथियों का दिल से स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्व. रतन लाल एवं शारदा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा 15000 रू० की धनराशि पुरस्कार रूप में प्रदान की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों ने बहुत मेहनत की रंगारग प्रस्तुति में। हर प्रोग्राम दिल को छूने वाला था। मेरी ओर से स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य को और यहां के सभी अध्यापकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं। विशिष्ठ अतिथि कपिल देव अग्रवाल ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शारदेन स्कूल के बच्चे बहुत मेहनती हैं, बहुत परिश्रमी है और वह पढ़ाई के साथ-साथ सभी गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। स्कूल प्रबंधक विश्व रतन ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शारदेन स्कूल के विद्यार्थियों की विशेषता है कि वे कहीं भी रहे, किसी भी परिस्थिति में हो, लेकिन अपना लक्ष्य प्राप्त जरूर कर लेंगे। कार्यक्रम का संचालन केशव आनंद, आश्रय कौशिक और ओजस्वी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापकों का सहयोग रहा।

वरिष्ठ चिकित्सक स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल को किया नमन

- मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने लगाया पुण्यतिथि पर कैंप - गुर्दे व हृदय रोग के मरीजों की जांच कर दी निःशुल्क सलाह

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बु.)। रविवार को नगर के मेरठ रोड स्थित सिंघल नर्सिंग होम में मुजफ्फरनगर जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक रहे डॉ. गिरीश मोहन सिंघल को पुण्यतिथि पर याद किया गया। इस दौरान सिंघल नर्सिंग होम परिसर में चिकित्सीय कैंप आयोजित किया गया। इस चिकित्सीय कैंप में गुर्दे तथा हृदय रोग से जुड़े मरीजों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया गया। नगर के मेरठ रोड़ कंपनी बाग के सामने स्थित सिंघल नर्सिंग होम में जिले के वरिष्ठ चिकित्सक स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल को पुण्यतिथि पर इस दौरान गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. अभ्युदय राणा तथा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तनेजा ने दर्जनों मरीजों को देखने के साथ ही उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया। निःशुल्क चिकित्सीय कैम्प में इस दौरान मरीजों की शुगर, बीपी, ईसीजी, यूरिन और हिमोग्लोबिन आदि की जाँच की गई। शिविर में पहुंचे मरीजों का परीक्षण करने के साथ डॉ. राणा ने बताया कि गुर्दों की समस्या शुगर, बीपी की वजह से काफी लोगों में प्रायः देखी जाती है। इसके अलावा कभी-कभी पेशाब में इंफेक्शन की वजह से भी लोगों के गुर्दों पर इसका असर पड़ता है। उन्होंने गुर्दों की समस्या से बचने के लिए शुगर और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने की सलाह देने के साथ ही बताया कि तम्बाकू आदि का सेवन न किया जाए, यह भी बहुत जरुरी होगा। इसके साथ ही ऐसे मरीजों को समय समय पर अपनी डॉक्टर से जाँच करवाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि गुर्दे के रोग के लिए हमेशा पहले लक्षण नहीं होंगे। उन्होंने मरीजों को सुरक्षा कारणों के चलते स्वस्थ रहने के लिए साल में कम से कम एक बार खून तथा पेशाब की जोच अवश्य ही करवा लेनी चाहिए। इस दौरान सिंघल परिवार के सदस्यों में पुत्र डॉ. विकास सिंघल, पुत्रवधु डॉ. हेमी सिंघल, पुत्री डॉ. भारती कुमार व दामाद डॉ. पंकज कुमार के साथ जनपद भर से बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं सिंघल परिवार से लोगों द्वारा स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व शनिवार को स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल जी की पुण्यतिथि पर सिंघल नर्सिंग होम पर हवन किया गया था।

ठगों ने डॉक्टर की रिटायर्ड शिक्षिका मां को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 18 लाख

लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसी)। राजधानी लखनऊ में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। नई घटना पीजीआई के पुराना कैंपस में रहने वाले डॉक्टर की बुजुर्ग मां के साथ हुई। मां को डिजिटल अरेस्ट कर मुंबई क्राइम ब्रांच व सीबीआई अधिकारी बन जालसाजों ने 18 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने उनको सात दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगी का शिकार हुई बुजुर्ग सेवानिवृत्त शिक्षिका ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। हरियाणा के पंचकुला हरियाणा की रहने वाली सेवानिवृत्त शिक्षिका शिखा हलदर पीजीआई पुराना कैंपस निवासी डॉक्टर बेटे और बहू के साथ रहती है। उनके मुताबिक पांच नवंबर को सुबह 10 बजे उनके एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को एसबीआई का कस्टमर का एजेंट बताया और शिखा के नाम से क्रेडिट कार्ड का फ्राड होने की जानकारी दी। शिखा ने क्रेडिट कार्ड के प्रयोग से इंकार कर दिया। इसके बाद जालसाज ने मुंबई क्राइम ब्रांच का नाम लेते हुए पूछताछ किए जाने की बात कही। कुछ देर के बाद शिखा के पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच कर्मी बताया। उसने बताया कि शिखा के नाम पर मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज है और उनके बैंक खातों की जांच होनी है। जालसाज ने इसके बाद शिखा को बताया कि अब आगे की जांच सीबीआई करेगी और फिर शिखा के पास एक दूसरे अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। उसने मनी लॉड्रिंग के केस का आरोपी बताते हुए पूरे परिवार को जेल भेजने की जैसे तमाम धमकी दी। इसके बाद जालसाज ने शिखा को धमकाते हुए रुपये वसूलने शुरू किए और 12 नंबर तक अलग-अलग बैंक खाते में 18 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बेटे ने कई बार उनको परेशान देखकर पूछा, लेकिन डर के चलते उन्होंने कुछ नहीं बताया। 12 नवंबर को जालसाजों ने शिखा को व्हाट्सएप कॉल कर सभी एफडी तोड़कर खाते में जमा करने की बात कही, तो उनको कुछ शक हुआ। उन्होंने हिम्मत जुटाकर बेटे व बहु को सारी बात बताई तो पता चला कि उनके साथ ठगी गई गई है। 13 नवंबर को शिखा हलदर ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

पेटीज के ठेले पर फटा गैस सिलंडर, 20 से अधिक लोग झुलसे, कई लोगों की हालत गंभीर

छतरपुर, 17 नवंबर (एजेंसी)। छतरपुर में एक एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट होने से 20 से 25 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह ब्लास्ट छतरपुर के बिजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले हाट बाजार में हुआ है। बताया जा रहा है कि साप्ताहिक बाजार में एक पेटीज की दुकान थी। जहां पर एक घरेलू सिलेंडर अचानक से ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। कई बच्चे, महिलाएं और बाजार में आने वाले अन्य लोग घायल हो गए। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर तीन बजे बिजावर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अचानक से सिलेंडर फटने से अफरा-तफरी मच गई। सिलेंडर फटते ही पास खड़े लोगों के कपड़े, बाल और कई लोगों के शरीर में आग लग गई। गनीमत यह रही कि यह सिलेंडर छोटा था, जिससे बड़ा ब्लास्ट नहीं हो सका। जानकारी लगते ही मौके पर स्थानीय प्रशासन और डॉक्टर का बचाव दल पहुंच गया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से स्थानीय अस्पताल और गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा जाने लगा।

'काला नकाब' पहन कर महिलाओं पर हमला करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर, 17 नवंबर (एजेंसी)। महिलाओं पर जानलेवा हमला करने वाले सिरफिरे युवक को झंगहा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान झंगहा के राजधानी टोला मंगलपुर निवासी अजय निषाद (20) पुत्र स्वामीनाथ के रूप में हुई। अजय पांच माह में पांच महिलाओं पर रात के अंधेरे में सोते समय चेहरे और सिर पर जानलेवा हमला कर चुका है, जिसमें एक महिला की मौत हो चुकी है। इसके बाद से ही क्षेत्र में दहशत का माहौल था। पुलिस पांच माह से आरोपी का पता लगा रही थी, सीडीआर और सीसीटीवी कैमरे की मदद से अजय की पहचान हुई है। पुलिस लाइंस में रविवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने महिलाओं पर हुए पांच घटनाओं का पदार्फाश किया। एसएसपी ने बताया कि इसके लिए एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव और सीओ अनुराग सिंह के नेतृत्व में टीमें लगाई गई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2022 में आरोपी पर महिला मित्र ने दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था, जिसमें वह जेल गया था। इसके बाद से वह महिलाओं से नफरत करने लगा। जेल से छूटने के बाद चोरी की घटना को अंजाम देते समय पहली बार 30 जुलाई को झंगहा के सहसड़ाव गांव में एक महिला के सिर और चेहरे पर हमला किया था। इसके बाद उसे महिलाओं को मारकर खून देखना अच्छा लगने लगा। इसके पांच माह में पांच घटनाओं को आरोपी ने अंजाम दिया। आरोपी सूरत में पेंट पालिश का काम भी करता है। घटना के बाद वह सूरत निकल जाता था।

इस बात को लेकर कांग्रेस पर भड़के बृजभूषण शरण सिंह

गोंडा , 17 नवंबर (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि भारतीय कुश्ती की दुनिया में धाक थी। लेकिल, अब कुश्ती दुर्भाग्य के दौर से गुजर रही है। उन्होंने दिल्ली में धरना देने वाले पहलवानों को आड़े हाथों लिया। कहा कि जब इन लोगों ने धरना दिया तो कहते थे कि कुश्ती बचाने आए हैं। अब हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कुश्ती रोकने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने पहलवान बजरंग पूनिया द्वारा भारतीय कुश्ती संघ को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका पर अपनी बात कही। उनका साफ संकेत था कि ऐसा करके लोग कुश्ती खेलने वाले युवाओं की तरक्की में बाधा बन रहे हैं। नवाबगंज के विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर पूर्व सांसद ने लोगों से बातचीत की। कहा कि यह लोग पूरी देश की कुश्ती को खत्म करना चाहते हैं। बजरंग पूनिया कांग्रेस के नेता है। देश की कुश्ती लगातार बर्बाद हो रही है। कांग्रेस को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इससे पहले साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादयान ने याचिका डाली थी। लेकिन, कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में शामिल होने गई और मेडल लेकर आई। बताया कि अब नेशनल कुश्ती होनी है। इसमें प्रतिभाग करने वाले बच्चे प्रमाण पत्र पाते हैं। वह नौकरी में काम आता है। अब इन्हें रोकने के लिए एक याचिका दाखिल की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ ही प्रतियोगिता कराता है और वहीं खिलाड़ियों का चयन ट्रायल कराता है। हाईकोर्ट ने नेशनल चैंपियनशिप के आयोजन पर रोक नहीं लगाया है और सुनवाई के लिए तारीख दी है। बताया कि दो वर्ष से कैंप नहीं चल रहा है।

झांसी अग्निकांड: दूसरे के बच्चे को अपना समझकर इलाज करा रही थी मां, पता चलते ही अस्पताल प्रशासन ने असल पिता को लौटाया

झांसी, 17 नवंबर (एजेंसी)। झांसी मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में आग लगने से 10 बच्चों की जलकर मौत हो गई। वहीं, एक बच्चे की रेस्क्यू के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। ऐसे में मरने वाले नवजात शिशुओं की संख्या रविवार को बढ़कर 11 हो गई है। वहीं, इसमें एक ओर कहानी सामने आई है। बमेर बबीना की रहने वाली लक्ष्मी दूसरे के बच्चे को अपना समझकर एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रही थी। मालूम होने पर प्रशासन ने बच्चे को उसके असली पिता कृपाराम को लौट दिया। लक्ष्मी ने बताया, 'आग लगने के बाद वह बच्चे को निकालकर बाहर ले गई, उन्हें नहीं पता था कि वह बच्चा किसी दूसरे का है। उन्होंने बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।' उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने पर्ची से नंबर निकालकर पुलिस को फोन किया। बताया कि एक बच्चा है यहां पर आकर देख लें। पुलिस के साथ बच्चे के असली पिता कृपाराम मौके पर पहुंचे। अस्पताल प्रशासन ने उन्हें बच्चा सौंप दिया। वहीं, लक्ष्मी के बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मेडिकल कॉलेज में चंद मिनट में आग दोनों कमरों में फैल गई। इन दो ब्लॉक में नवजातों को रखा गया था। आग लगते ही पहले ब्लॉक में भर्ती नवजातों को तो तुरंत बाहर निकाल लिया गया लेकिन, आखिरी ब्लॉक में भर्ती नवजात बाहर नहीं निकाले जा सके। पुलिस के सामने एक चश्मदीद भी सामने आया है। चश्मदीद ने बताया कि ऑक्सीजन पाइप को पिघलाने के लिए कंसंट्रेटर को बंद किए बिना गर्म किया गया। इस वजह से ऑक्सीजन का रिसाव हो गया और वार्ड में आग फैली। हालांकि पुलिस अफसर इस बयान को बहुत अधिक विश्वसनीय नहीं बता रहे। सीएफओ राजकिशोर राय का कहना है कि वहां अधिक विद्युत लोड होने से शॉर्ट-सर्किट हुआ।

आवश्कता हैं
पिज्जा रेस्टोरेंट
के लिए लड़को की
जिन्हे बाइक चलाना
भी आती हो
वेतन योग्यता अनुसार।
फ्रेशर भी अप्लाई कर सकते हैं।
पार्ट टाइम और
फुल टाइम दोनों।
सम्पर्क करे-
आकाश शर्मा
M.9045458400,8077385630

ट्रेलर रिलीज से पहले बेकाबू हुए अल्लू अर्जुन के फैंस, पुलिस ने संभाली स्थिति

पटना, 17 नवंबर (एजेंसी)। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का इंतजार फैंस को लंबे समय से था। ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम के मौके पर भगदड़ जैसे हालात हो गए जहां फैंस इवेंट में बेकाबू होते देखा गया । इस फिल्म का ट्रेलर पटना में लॉन्च किया जा रहा है जिसके लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। बड़ी संख्या में अल्लू अर्जुन के प्रशंसक बिहार में रहते हैं। यही वजह है कि अपने पसंदीदा सितारे को देखने के लिए लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें स्थिति संभालने के लिए बल का प्रयोग करती नजर आई। यह वीडियो गांधी मैदान का है। वहीं, इससे पहले एक और वीडियो सामने आया था, जिसमें भगदड़ जैसे स्थिति होती हुई नजर आई थी। इस वीडियो में कार्यक्रम के लिए पास लेने के लिए फैंस को एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करते हुए देखा गया था। दरअसल, पटना के गांधी मैदान में होने वाले ट्रेलर लॉन्च होने वाले कार्यक्रम के टिकटों के लिए फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कार्यक्रम के पास लेने के लिए लोगों के बीच होड़ नजर आई। फैंस को पास लेने के लिए दौड़ते हुए और एक-दूसरे को धक्का देते हुए देखा गया। पास के लिए इतने ज्यादा फैंस पहुंच गए कि आयोजकों को स्थिति पर काबू पाने में काफी ज्यादा मुश्किल हुई।

अंकुर दुआ को पंजाबी समाज का अध्यक्ष बनने पर व्यापारियों ने दी बधाई

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बुस.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष संजय मिश्रा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, अध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष व मंडल संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ तरुण मित्तल, जिला युवा प्रभारी विजय प्रताप सिंह, अध्यक्ष तहसील परिसर इकाई बृज कुंवर गर्ग, जिला मंत्री सुनील अरोरा(विक्की) द्वारा मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक व भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ को पंजाबी समाज का अध्यक्ष मनोनीत होने पर पटका पहनाकर बुके भेंट करते हुए स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन का जो पौधा स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा द्वारा लगाया गया था, उसको अंकुर दुआ द्वारा अपनी बेबाक व निर्भीक लेखनी से सींचा जा रहा है। इनके द्वारा अखबार को संभालते हुए रंगीन संस

पीएम मोदी को नाइजीरिया का दूसरा सर्वोच्च सम्मान

क्वीन एलिजाबेथ के बाद पुरस्कार पाने वाले पहले शख्स बने

अबुजा (नाइजीरिया), 17 नवंबर (एजेंसी)। नाइजीरिया ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीय सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द

ऑर्डर नाइजर' से सम्मानित किया। इस सम्मान के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी दूसरी ऐसे विदेशी नेता बन गए हैं, जिन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, 'नाइजीरिया के 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' पुरस्कार से सम्मानित होने पर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे बड़ी विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं और इसे भारत के लोगों को समर्पित करता हूं।' मोदी को दिया गया यह 17वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। इससे पहले 1969 में ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

बदरीनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद

चमोली, 17 नवंबर (एजेंसी)। जय बदरीविशाल के उदघोष के साथ रात्रि 9 बजकर 7 मिनट पर शीतकाल के लिए बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए हैं। गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट पहले ही बंद हो चुके हैं। अब बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष के लिए चारधाम यात्रा का संपन्न हो गई है। कपाट बंद होने के मौके पर धाम में पहुंचे लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ के दर्शन किए। कपाट बंद होने के बाद बदरीनाथ धाम जय बदरीविशाल के उद्घोष से गूंज उठा। बदरीनाथ मंदिर को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया है।

मणिपुर में लगातार दूसरे दिन भी हिंसा, भीड़ ने चार और विधायकों के घर फूंके

इंफाल, 17 नवंबर (एजेंसी)। मणिपुर में हिंसा के बीच उग्र भीड़ ने दूसरे दिन चार विधायकों के घर फूंक दिए। इनमें भाजपा के एक मंत्री समेत तीन विधायक हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर भी धावा बोलने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाबलों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया। रविवार सुबह, इंफाल घाटी के सभी पांच जिलों में स्थिति तनावपूर्ण रही। पुलिस ने तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से एक .32 पिस्तौल, आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। मणिपुर में राहत शिविर से लापता महिलाओं और बच्चों के शव मिलने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। भीड़ ने तीन मंत्रियों और मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के दामाद समेत छह विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी के अलावा दो चर्चों और तीन घरों को भी फूंक दिया था। बताया जाता है कि महिलाओं और बच्चों की उग्रवादियों ने हत्या की है। सोमवार को सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ में 10 कुकी उग्रवादी मारे गए थे। उग्रवादियों के हमले के बाद से बुजुर्ग महिला, उसकी दो बेटियां और तीन नाबालिग पोते-पोतियों का पता नहीं चल पा रहा था। अधिकारियों ने बताया, गुस्साई भीड़ ने रविवार को निंगथौखोंग में लोक निर्माण मंत्री गोविंददास कोंथौजम, लंगमेइदोंग बाजार में भाजपा विधायक वाई. राधेश्याम, थौबल जिले में भाजपा विधायक पोनम ब्रोजेन और इंफाल पूर्वी जिले में कांग्रेस विधायक टी. लोकेश्वर के घरों में आग लगा दी। इस दौरान भीड़ ने तोड़फोड़ भी की। हमले के वक्त विधायक और उनके परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे।

लाभ के पद से जुड़ी सांसदों की अयोग्यता पर 65 साल पुराना कानून होगा खत्म

नई दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)। सरकार 65 वर्ष पुराने उस कानून को खत्म करने की योजना बना रही है, जो लाभ का पद धारण करने की वजह से सांसदों को सदन की सदस्यता के अयोग्य बनाता है। उसकी जगह सरकार एक नया कानून लाने की योजना बना रही है जो वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप होगा। केंद्रीय कानून मंत्रालय के विधि विभाग ने 16वीं लोकसभा में कलराज मिश्रा की अध्यक्षता वाली लाभ के पद पर संयुक्त समिति की सिफारिशों के अनुसार 'संसद विधेयक, 2024' का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित विधेयक में वर्तमान 'संसद (अयोग्यता की रोकथाम) विधेयक, 1959' की धारा-तीन को युक्तिसंगत बनाने और अनुसूची में दिए गए ऐस पदों की नकारात्मक सूची को खत्म करने का प्रविधान है जिसके धारक सदस्यता के अयोग्य हो जाएंगे। इसमें मौजूदा कानून और कुछ अन्य कानूनों के बीच टकराव को दूर करने का भी प्रस्ताव है, जिनमें अयोग्यता नहीं होने का स्पष्ट प्रविधान हैं।

एमडीए का चुनाव बाद होगा होगा विस्तार

शामली क्षेत्र के 53 गांव होंगे प्राधिकरण का हिस्सा

मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की सीमा का जल्द विस्तार किया जाएगा। इसमें शामली के 53 और गांवों को शामिल करने की योजना है। उम्मीद है कि मीरांपुर चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही शासन इस बाबत अधिसूचना जारी कर देगा।

मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की शामली जिले की सीमा विस्तार की तैयारी की जा रही है। शामली नगर पालिका परिषद की सीमा खत्म होने के बाद मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण और प्राधिकरण की सीमा खत्म होने के बाद जिला पंचायत की सीमा शुरू होती है। मुजफ्फरनगर रोड पर कुडाना मोड़, भैसवाल रोड पर शामली मंडी, करनाल रोड पर आरके पीजी कालेज, दिल्ली रोड पर देशभक्त इंटर कालेज, पानीपत रोड पर गुलजारी वाला मंदिर, मेरठ रोड पर शामली रेलपार बाईपास पर नगरपालिका की सीमा खत्म होकर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की सीमा शुरू हो रही है। प्राधिकरण की सीमा जिला मुख्यालय पर मेरठ-करनाल, दिल्ली-शामली सहारनपुर, पानीपत खटीमा हाईवे के बाईपास तक आबादी के रूप में पहुंच गई है। डेढ़ साल पहले प्राधिकरण की सीमा विस्तार का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को भेजा गया था। प्रस्ताव में कैराना, शामली और ऊन तहसील के 53 गांवों और सभी बाईपास को शामिल किया गया है। शासन की ओर से प्रस्ताव में शामिल किए गए 53 गांवों और तहसील, बाईपास के नामों के शुद्धिकरण का सत्यापन तीनों तहसील के एसडीएम से कराकर एक साल पहले रिपोर्ट शासन को जा चुकी है। तीन दिन पहले लखनऊ में विकास प्राधिकरण के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में सचिव और उपाध्यक्षों की मासिक बैठक हुई। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीणा ने बताया कि मीरापुर विधानसभा उप चुनाव के बाद मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की शामली जिले की सीमा विस्तार की अधिसूचना उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ से जारी होने की संभावना है। मीरापुर विधानसभा का मतदान 20 नवंबर को होगा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद चुनाव आचार संहिता खत्म होगी। इसके बाद नए कार्य शुरू होंगे।

अंतर्राज्यीय सीमा पर निगरानी बढ़ाने के एसएसपी ने दिए आदेश

मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था तथा मीरापुर विधानसभा उपचुनाव हेतु की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमा पर निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए।

आगामी मीरापुर विधानसभा उपचुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, महिला सुरक्षा, कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसएसपी ने विधानसभा उप-चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट में की गई कार्यवाही, शस्त्र जमा कराये जाने की स्थिति, जब्तीकरण की कार्यवाही, अवैध शराब व शस्त्र निर्माण करने वालों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में की गई कार्यवाही, जिला सुरक्षा योजना, पुलिस- व्यवस्थापन, अभिसूचना संकलन, सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग, निर्वाचन एवं क्रिटिकल/बल्नरेविल बूथों के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र मे चुनाव के दौरान हुये पुराने विवादों एवं आपसी रंजिशों के बारे में जानकारी कर ऐसे मामलों का प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर

शीघ्र निपटारा कर लें। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस बल द्वारा प्रतिदिन केन्द्रीय शस्त्र पुलिसबल के साथ संवेदनशील स्थानों पर एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की जाये तथा अन्तर्राज्यीय व अन्तर्जनपदीय बार्डर पर केन्द्रीय पुलिस बल के साथ चैकिंग की जाये, संवेदनशील केन्द्रों पर महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगायी जाये। एसएसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि मतदान दिवस से 72 घण्टे पूर्व के लिये चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने क्षेत्र के टॉप-10/हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए उनके क्रियाकलापों की निगरानी करने, असामाजिक तत्वों पर विधिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक एलआईयू, चुनाव सेल प्रभारी व जनपद के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।

कई दिन से लापता युवक का शव तालाब से बरामद

चरथावल, 17 नवम्बर (बु.)। कई दिन से लापता चल रहे एक युवक का शव कस्बा चरथावल के मदनी स्कूल के पास तालाब लावारिस अवस्था में बरामद किया गया। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। चरथावल थाना क्षेत्र में कस्बा चरथावल के मदनी स्कूल के पास तालाब में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर जाकर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शव की शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी चरथावल इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने बताया कि कस्बा चरथावल के मौहल्ला तीरगरान से 25 वर्षीय सुजीत पुत्र ज्ञान सिंह पिछले कई दिनों से लापता चल रहा था। आज दोपहर उसका शव मदनी स्कूल के निकट तालाब में तैरता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। परिजनों ने मौके पर शव की पहचान की। मृतक शराब पीने का आदी था। संभवतः नशे की हालत में तालाब में गिरने से उसकी मौत हुई। परिजनों ने किसी भी दुश्मनी से इंकार किया है। कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

सूडान के छात्र ने साउथ अफ्रीका की छात्रा से किया दुष्कर्म

देहरादून। देहरादून में सूडान के छात्र द्वारा साउथ अफ्रीका की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दोनों देहरादून के एक निजी विवि में पढ़ते हैं। जानकारी के अनुसार, युवती बीकॉम कर रही है और युवक बीबीए की पढ़ाई कर रहा है। युवती युवक की पार्टी में गई थी। आरोप है कि युवक ने सोते हुए दुष्कर्म किया। युवती ने इस पूरे मामले की दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद अब देहरादून के क्लेमेंटटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। सीओ सदर, अनिल जोशी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

दस हजार का ईनामी फरार अभियुक्त दबोचा

मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)। थाना रतनपुरी पुलिस ने वर्ष से फरार 10 हजार के ईनामी को गिरफ्तार किया है। उसे मुखबिर की सूचना पर हाईवे पर ग्राम रायपुर नंगली के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रामबाबू मैनेजर पुत्र स्व. शम्भुनामथ निवासी ग्राम पंचगावा थाना सेमरा जनपद पश्चिमी चंपारण, बिहार बताया गया है। दूसरी ओर थाना खालापार पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम शानू पुत्र जफर निवासी खालापार थाना खालापार बताया है।

राइफल और कारतूस के साथ नौ कश्मीरी गिरफ्तार

मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में रविवार को पुलिस और सैन्य खुफिया विभाग ने संयुक्त अभियान चलाते हुए नौ कश्मीरियों को पकड़ा। इनके पास से नौ राइफलें और 58 कारतूस बरामद किए गए। कश्मीरी फर्जी लाइसेंस के आधार पर महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे थे। पिछले दिनों पुलिस को जानकारी मिली कि महाराष्ट्र के कुछ शहरों में जम्मू-कश्मीर के कुछ लोग सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे हैं। ये लोग फर्जी लाइसेंस के साथ हथियार रखे हुए हैं। इन लाइसेंसों को जांच के लिए जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों को भेजा गया। जहां से जानकारी मिली कि लाइसेंस फर्जी हैं। इसके बाद पुलिस और सैन्य खुफिया विभाग ने अहिल्यानगर में छापेमारी की। यहां से नौ लोगों को 12 बोर की राइफल और 58 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी जम्मू के राजौरी के रहने वाले हैं। इनकी पहचान शब्बीर मोहम्मद इकबाल हुसैन गुज्जर (38), मोहम्मद सलीम उर्फ सलीम गुल मोहम्मद (32), मोहम्मद सफराज नजीर हुसैन (24), जहांगीर जाकिर हुसैन (28), शाहबाज अहमद नजीर हुसैन (33), सुरजीत रमेशचंद्र सिंह, अब्दुल राशिद (38), तुफेल अहमद मोहम्मद गाजिया और शेर अहमद गुलाम हुसैन के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि शेर अहमद गुलाम हुसैन रैकेट का मास्टरमाइंड है। उसने 12 बोर की राइफलें और फर्जी लाइसेंस मुहैया कराने के लिए सभी से 50,000 रुपये लिए थे। ताकि आरोपियों को सिक्योरिटी गार्ड के रूप में नौकरी मिल सके। आरोपी अहिल्यानगर, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे में नौकरी कर रहे थे। सभी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत तोफखाना पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच चल रही है।

आवश्यकता है
दी मुजफ्फरनगर नई मण्डी गौशाला (रजि०) मुजफ्फरनगर
सुपरवाईजर- 2 पद
(गायों से सम्बन्धित कार्यो में दक्ष)
वेतन योग्यतानुसार
M:9837035742
9897004742

गुजरात में सीनियर्स की रैगिंग के बाद एमबीबीएस छात्र की हुई मौत

अहमदाबाद , 17 नवंबर (एजेंसी)। गुजरात के पाटन जिले में एक एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई। आरोप है कि उसे सीनियर छात्रों ने रैगिंग के दौरान तीन घंटे तक खड़ा किया था, जिसके बाद वह बेहोश हुआ और उसकी मौत हुई। यह घटना शनिवार को हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। मृतक छात्र 18 साल का अनिल मेठानिया था, जो पहले एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। मामले में कॉलेज के डीन डॉक्टर हार्दिक शाह ने बताया, छात्र को तीन घंटे तक खड़ा करने के बाद वह बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके सहपाठियों ने बताया कि अनिल को सीनियर छात्रों ने खड़ा किया था और खुद को परिचित कराने के लिए कहा गया था। बालिसाना थाना के एक अधिकारी ने बताया कि कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अगर सीनियर छात्रों को दोषी पाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि मृतक छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। वहीं कॉलेज के एक प्रथम वर्ष के छात्र ने बताया, कई सीनियर छात्रों ने हमें तीन घंटे तक खड़ा रखा और एक-एक करके खुद को परिचित कराने को कहा, वे हमें खड़े रहने के लिए मजबूर कर रहे थे और हमें गुस्सा न करने की चेतावनी दे रहे थे। आखिरकार एक छात्र बेहोश हो गया, हमने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अनिल मेठानिया के परिजनों ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि उन्हें कॉलेज और सरकार से न्याय की उम्मीद है। मृतक के चचेरे भाई धर्मेंद्र मेठानिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैंने अपने चाचा से फोन पर सुना कि मेरे चचेरे भाई को बेहोश होने के बाद अस्पताल ले जाया गया।

बुग्गी से टकराकर घायल

जानसठ, 17 नवम्बर (बु.)। पानीपत-खटीमा हाइवे पर गांव कवाल के पास बाइक सवार युवक निराश्रित पशु को बचाने के प्रयास में बुग्गी से टकराकर घायल हो गया। मुजफ्फरनगर के मौहल्ला कृष्णापुरी निवासी राकेश पुत्र संदीप रविवार की शाम को बाइक द्वारा किसी काम से मीरापुर जा रहा था, जब वह गांव कवाल के पास पहुंचा तो, उसकी बाइक के सामने अचानक निराश्रित पशु के आ जाने से वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे उसकी बाइक आगे जा रही भैंसा बुग्गी से टकरा गई, जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों को सूचना दे दी है।

पुलिसकर्मियों पर लगा महिला के साथ अभद्रता करने का आरोप

गोंडा, 17 नवंबर (एजेंसी)। गोंडा जिले के थाना क्षेत्र नवाबगंज के सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मियों पर महिलाओं के साथ अभद्रता के आरोपों में डीएम व एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं पुलिस कर्मियों का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।

एसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। थाना क्षेत्र के खुदाबांद व जफरापुर गांव निवासी महिला संगीता पत्नी जितेंद्र व रंजना पत्नी विजयपाल ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि दोनों के पति एक मामले में बीते 24 अक्तूबर से जेल में बंद हैं। रविवार की दोपहर में सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी कुछ पुलिस कर्मियों के साथ आए और घर में घुसकर अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगे। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए। सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अनंतराम यादव थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। यह सभी लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे। सूचना पर जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो महिलाओं ने महिला पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई की। अभद्रता करने व कपड़े फाड़ने का आरोप निराधार है।

दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी को किया अलविदा

दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)। दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता कैलाश गहलोत ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। ऐसे में यह सवाल सभी के मन में था कि कैलाश गहलोत के सारे विभाग किसके पास रहेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने इसका जवाब दे दिया। गहलोत के सारे विभाग मुख्यमंत्री आतिशी के पास रहेंगे। सीएम आतिशी ने इसको लेकर उप राज्यपाल (एलजी) को प्रस्ताव भेजा है। कैलाश गहलोत के पास परिवहन, प्रशासनिक सुधार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, गृह और महिला एवं बाल विकास विभाग थे। दिल्ली के नजफगढ़ विधानसभा से कैलाश गहलोत वर्तमान विधायक हैं। साल 2015 में उन्होंने विधानसभा का पहला चुनाव जीता था। इसके बाद साल 2017 में दिल्ली सरकार में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली। बता दें कि कैलाश गहलोत ने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर कॉलेज से पढ़ाई की है। गहलोत का जन्म 22 जुलाई 1974 को नजफगढ़ में हुआ था। सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट वकालत कर चुके हैं। साल 2018 में गहलोत आयकर विभाग की जांच के दायरे में आए थे। जिसने कथित कर चोरी के मामले में उनसे जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी भी हुई थी। कैलाश गहलोत के पास परिवहन, कानून, न्याय और विधायी मामले, सूचना और प्रौद्योगिकी, प्रशासनिक सुधार जैसे बड़े विभाग की जिम्मेदारी थी।

केजरीवाल के विश्वासपात्र ने ही उन्हें बता दिया भ्रष्टाचारी

दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)। कैलाश गहलोत अरविंद केजरीवाल के सबसे भरोसेमंद लोगों में शामिल थे, लेकिन अचानक ही रविवार को उन्होंने अरविंद केजरीवाल को सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी बता दिया। उन्होंने न केवल आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, बल्कि अरविंद केजरीवाल पर 'शीश महल' का भ्रष्टाचार कर जनता को धोखा देने का आरोप भी लगा दिया। बड़ा प्रश्न यही है कि कैलाश गहलोत ने मंत्री रहते हुए आम आदमी पार्टी का साथ क्यों छोड़ दिया? उनके इस्तीफे के पीछे की असली कहानी क्या है? आम आदमी पार्टी सूत्रों की मानें तो जब से अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद आतिशी मारलेना को मुख्यमंत्री बनाया था, तभी से पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को परेशानी हो रही थी। पार्टी के बड़े नेता संजय सिंह, गोपाल राय, कैलाश गहलोत के साथ-साथ सौरभ भारद्वाज जैसे नेताओं की उपेक्षा कर आतिशी मारलेना को मुख्यमंत्री बनाना किसी के भी गले नहीं पच रहा था। कई नेता इस निर्णय के खिलाफ थे, लेकिन अरविंद केजरीवाल के कारण किसी ने कुछ नहीं कहा। लेकिन अंदर की वही बगावत अब खुलकर सामने आ गई है। यदि अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया होता तो पार्टी के अंदर बगावत न होती, हालांकि भाजपा को इससे केजरीवाल पर हमला करने का एक अवसर अवश्य मिल जाता। लेकिन आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने से कई नेताओं का धैर्य जवाब दे गया। पार्टी के कई नेता मानते हैं कि पार्टी पर लगे कई आरोप बेहद गंभीर हैं। इसका पार्टी को नुकसान हो सकता है। अन्य आरोपों को छोड़ भी दें तो शराब घोटाले और शीश महल विवाद में जिस तरह जांच एजेंसियों ने अदालत में सबूत रखे हैं, आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें आने वाले समय में बढ़ सकती हैं। यही कारण है कि कई नेता समय रहते अपना अलग ठिकाना तलाश रहे हैं। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि कैलाश गहलोत और राजकुमार आनंद ने मंत्री पद पर रहते हुए आम आदमी पार्टी को छोड़ा। मेयर के चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के दस पार्षदों ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार को छोड़ या तो भाजपा के उम्मीदवार को वोट दिया या तो अपना वोट जानबूझकर खराब कर दिया। इसी से साबित होता है कि आम आदमी पार्टी में अब सब कुछ ठीक ठाक नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जल्द ही आम आदमी पार्टी के कई और नेता पार्टी छोड़ेंगे। इस बार विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की करारी हार होगी और भाजपा दिल्ली में सरकार बनाएगी। कैलाश गहलोत ने अपनी अंतरात्मा की आवाज पर केजरीवाल का साथ छोड़ा है और कहा है कि केजरीवाल न यमुना साफ कर पाए, न ही वे दिल्ली को साफ शासन दे पाए।

परिवहन विभाग की तेज हुई वाहन अधिग्रहण प्रक्रिया

▸ निर्धारित समय पर वाहन न पहुंचने पर होगी एफआईआर ▸ 250 वाहनों में 150 छोटे व 100 बड़े वाहन होंगे अधिग्रहित

मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बु.)। मीरांपुर विधानसभा उप चुनाव को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच परिवहन विभाग ने वाहन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी है। अभियान की इस कड़ी में मीरांपुर चुनाव हेतु वाहन अधिग्रहण के बीच नुमाईश मैदान राइफल क्लब में कुछ वाहन पहुंचने लगे हैं, लेकिन अभी बड़ी संख्या में वाहन न आने पर विभागीय अधिकारियों ने सख्ती के संकेत दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो वाहन स्वामी अधिग्रहण आदेश प्राप्त होने के बाद भी वाहन निश्चित समय और स्थान पर नहीं भेजेंगे उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी, इससे उत्पन्न किसी भी असुविधा के लिए ऐसे में उत्तरदायित्व संबंधित वाहन स्वामी का होगा।

जी हां, यही है मुजफ्फरनगर परिवहन विभाग के अफसरों की अधिग्रहित किए वाहन स्वामियों को सलाह। अन्यथा की स्थिति में ऐसे वाहन स्वामियों पर रिपोर्ट दर्ज हो सकती है। मीरांपुर विस उपचुनाव में परिवहन विभाग की अब तक की तैयारियों में करीब 250 वाहनों का अधिग्रहण तय हुआ है। परिवहन विभाग ने उप चुनाव में इन वाहनों की व्यवस्था कराने के लिए 150 छोटे वाहन व 100 बड़े वाहनों को नोटिस भेजा। वहीं जो वाहन उपलब्ध नहीं कराएगा उसके खिलाफ अब परिवहन विभाग एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी में जुट गया है। उच्चाधिकारियों द्वारा ऐसे हालातों में जिला निर्वाचन से प्राप्त आदेशों की जानकारी दी है। मीरांपुर सीट पर 11 प्रत्याशियों के बीच उप चुनाव होगा। मीरांपुर उपचुनाव की तिथि में परिवर्तन किए जाने के बाद अब 20 नवम्बर को मतदान होगा। परिवहन विभाग की ओर से मतदान के लिए अब पोलिंग पार्टी और पुलिस फोर्स को रवाना करने के साथ जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए गाड़ियों की व्यवस्था कराई जा रही है । इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा 200 वाहन स्वामियों को नोटिस भेजा, जिसमें 150 छोटे वाहन व 100 बड़े वाहन शामिल हैं। इन तमाम वाहनों को 17 नवम्बर को नुमाईश मैदान में छोटे वाहन और 18 नवम्बर को बड़े वाहनों को बुलाया गया है। अधिकारियों के अनुसार कुछ वाहन स्वामियों ने वाहनों की उपस्थिति दर्ज करा दी है, जिसमें आदेशों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। ऐसे में समय रहते अधिग्रहित वाहन निर्धारित समय

पर नुमाईश कैंप में पहुंचाने का अनुरोध किया गया है। बता दें, मीरांपुर उपचुनाव के लिए 151 मतदान केन्द्र व 328 बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 94 मतदान केन्द्र संवेदनशील और 116 बूथ अतिसंवेदनशील केंद्रों के रूप में चिन्हित किए गए हैं। हर बूथ पर 4 कर्मचारियों को मतदान कराने के लिए तय किए जाने के चलते करीब 1312 से अधिक कर्मचारियों को मीरांपुर उपचुनाव में लगाया गया है।

इन्होंने कहा-

एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि मीरांपुर उपचुनाव के लिए करीब 250 वाहनों का अधिग्रहण किए जाने की तैयारी है, जिसमें 150 छोटे और 100 बड़े वाहन शामिल हैं। इन वाहन स्वामियों को नोटिस भेजने के साथ 17 नवम्बर को नुमाईश मैदान में छोटे वाहन बुलाए है। वहीं 15 नवम्बर को बड़े वाहन कूकड़ा मंडी में बुलाए गए हैं। जो वाहन नहीं देगा, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। पहले दिन कुछ वाहन ही नुमाईश कैंप पहुंचे हैं।

देर शाम बामनहेड़ी पुल पर हुई दो वाहनों की भिड़ंत



बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गुजरात का शख्स गिरफ्तार

मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसी)। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने रविवार को बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में महाराष्ट्र के अकोला से एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जो गुजरात का रहने वाला है। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 25 हो गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के आणंद जिले के पेटलाद निवासी सलमानभाई इकबालभाई वोहरा को अकोला में बालापुर से गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्तूबर को बांद्रा पूर्व के निर्मल नगर में हत्या कर दी गई थी, जब वह अपने विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास थे। अधिकारी के मुताबिक, वोहरा ने इस साल मई में एक बैंक खाता खोला था और नरेश कुमार सिंह (गिरफ्तार आरोपी गुरमेल सिंह का भाई), रुपेश मोहाल और हरीश कुमार को वित्तीय मदद प्रदान की थी। इसके अलावा, उसने हत्या से जुड़े अन्य लोगों की भी मदद की। इस हत्याकांड के बाद सबसे पहले गुरमेल सिंह (हरियाणा) और धर्मराज कश्यप (उत्तर प्रदेश) को मौके से गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में पुलिस को इस मामले में एक बड़ी कामयाबी तब मिली, जब उसने मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम को उत्तर प्रदेश के बहराइच से गिरफ्तार किया। गौतम 12 अक्तूबर से फरार था और नेपाल भागने